Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi

**Discount Code TBC10**

Contact:

**Kunika Advrtising**

Plot no,516. sector-12 friends co-operative society vasundhara ghaziabad

**Mo. 8130640000**

Year-14 issue- 04
RNI.NoUPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473


Postal Registration No.UP/GZB-80/2016-18
Mo.9871895198


# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

**Page 02** बिजली पानी की समस्या को ...



**Page 05** देश की पहली भारत गौरव टूरिस्ट ...




**Page 07** जेपी नड्डा ने नोएडा के ...



## TIRUPATIEYE

### CBSE: 15 जुलाई के बाद घोषित हो सकता है परिणाम

**CBSE Result 2022**



**टीबीसी न्यूज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) की दसवीं और बारहवीं के नतीजे 15 जुलाई के बाद आ सकते हैं। दोनों कक्षाओं के कॉपियों की मूल्यांकन प्रक्रिया चल रही है। 30 जून तक मूल्यांकन पूरा हो सकता है, फिर परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी शुरू होगी। कॉपियों के मूल्यांकन के लिए गोरखपुर में 12 केंद्र बनाए गए हैं। बोर्ड से जुड़े अधिकारियों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक, 90 फीसदी कॉपियां जांची जा चुकी हैं। दोनों कक्षाओं के 23 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। कोरोना की वजह से दो चरणों में परीक्षा कराई गई थी। पहला चरण नवंबर 2021 में पूरा हुआ था। दूसरे चरण की परीक्षा अप्रैल 2022 में कराई गई थी। हालांकि, शैक्षिक सत्र 2022-23 की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन फार्म जमा कराए जा रहे हैं। जून अंत तक विद्यालय भी खुल जाएंगे। परिणाम घोषित होने के बाद दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की सूचना बोर्ड को भेजी जाएगी। सीबीएसई जिला समन्वयक अजीत दीक्षित ने कहा कि 90 फीसदी कॉपियां जांची जा चुकी हैं। कुछ विषयों की कॉपियों का मूल्यांकन ही बचा है। 30 जून तक मूल्यांकन कार्य पूरा होगा। जुलाई के दूसरे सप्ताह तक परिणाम जारी होने की उम्मीद है।

# अंतर्राष्ट्रीय योगा डे पर सिखाए निरोगी रहने के मंत्र

### योग शिविर में 100 प्रतिभागियों को बांटी निशुल्क टी-शर्ट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद न्यूज। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलवार को वसुंधरा 14 ए स्थित सेंट्रल पार्क में योगा एवं मेडिटेशन कैंप लगाया गया, जिसमें रजिस्टर्ड 100 प्रतिभागियों को निशुल्क टी शर्ट बांटी गई। अरहिंत चैरिटेबल हॉस्पिटल सोसायटी और जैन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर वसुंधरा की ओर से आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के सौजन्य से सुबह करीब 6 बजे शिविर की शुरुआत हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि चेयरमैन गाजियाबाद जिला पंचायत लक्ष्मी मावी ने शिरकत की।






उन्होंने आरएचएएम के राष्ट्रहित में किए जाने वाले कार्यो की जमकर तारीफ की। इसके साथ ही रोजाना योग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। इसमें योगा ट्रेनर डॉ आयुष चंद्र ने सभी को योगाभ्यास कराया और भागदौड़ भरी जिदंगी में योग कितना जरूरी है इसकी प्रासंगिकता को समझाया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी रोजाना की दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करना चाहिए। योग बीमारियों को भगाने के लिए सबसे कारगर उपाय है। उन्होंने कई तरह के आसनों का अभ्यास कराया। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव ने कहा कि सुखी व निरोगी जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है। योग से इंसान शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। इसलिए रोजाना सुबह व शाम योगाभ्यास करने के लिए समय जरूर निकालना चाहिए।

योग ऋषि-मुनियों की परंपरा है और इसके महत्व को समझने और जानने की जरूरत है। योग डे और मेडिटेशन कैंप में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर से प्रतीक भार्गव और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष कुनिका भार्गव ने भी अपना पूरा सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में योग का बड़ा महत्व है। योग से शरीर ही स्वस्थ नहीं रहता है बल्कि इंसान आध्यात्मिकता की ओर भी बढ़ता है। वहीं, आरएचएएम फाउंडेशन की ट्रेजरार मनीषा भार्गव ने भी योग और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ पीके जैन ने कहा कि अपने रोजमर्रा के व्यस्त जिंदगी से रोजाना कुछ समय योगाभ्यास के लिए जरूर निकालना चाहिए। योग में रोगों को खत्म करने की शक्ति छिपी है और हर व्यक्ति को योग की अहमियत को समझना चाहिए। इसके साथ ही मेडिटेशन में इंसान को ईश्वर से जोड़ने की शक्ति भी छिपी हुई है। इस मौके पर आरएचएएम फाउंडेशन के सचिव रो दयानंद शर्मा, रो अपूर्व राज, रो सोनाक्षी बंसल, डॉ पीके जैन और लक्ष्मी मावी मौजूद रहे। योगा एवं मेडिटेशन कैंप में आसपास के लोगों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

भारत माता के जयकारों के साथ योगा एवं मेडिटेशन कैंप का समापन किया गया। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर एवं समाजसेवी डॉ धीरज भार्गव ने योगा कैंप के सफल आयोजन के लिए सभी आगंतुकों का आभार जताया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मु से की मुलाकात

**टीबीसी न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम दिल्ली में राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से 11 अकबर रोड पहुंच कर शिष्टाचार भेंट की। द्रौपदी मुर्मू आज अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नेड्डा और सीएम योगी आदित्यनाथ समेत बीजेपी शासित राज्यों के अन्य मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। जानकारी के मुताबिक, वह 12 बजे संसद भवन में अपना नामांकन करेंगी।



इधर, राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. पीएम मोदी ने खुद एक ट्वीट कर यह जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीरें भी साझा की कहा, 'द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की। राष्ट्रपति पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का देश भर में और समाज के सभी वर्गों द्वारा सराहना की जा रही है. जमीनी समस्याओं के प्रति उनकी समझ और भारत के विकास को लेकर उनकी दृष्टि उत्कृष्ट है।

## खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया

**गाजियाबाद न्यूज।** इंदिरापुरम कराटे स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला ओलंपिक संघ गाजियाबाद के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया। वसुंधरा, सेक्टर 2 बी में आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद के विभिन्न कराटे स्कूलों से करीब 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इंदिरापुरम कराटे स्कूल के अध्यक्ष एवं मुख्य कोच पुष्पेंद्र सिंह रावत ने बताया है कि इंदिरापुरम से 6 वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक के 19 खिलाड़ियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ओलंपिक दौड़ में दौड़कर इंटरनेशनल ओलिंपिक डे सेलिब्रेट किया। यह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ गाजियाबाद के महासचिव नरेंद्र शर्मा और टेक्निकल चेयरमैन शिदोशी अनिल कौशिक और अंश कौशिक ने सभी खिलाड़ियों को को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# बायोडायवर्सिटी पार्क के रूप में शहर को मिलेगा तोहफा, नगर निगम ने आमंत्रित की निविदा




**गाजियाबाद।** शहर में सिटी फॉरेस्ट (बायोडायवर्सिटी पार्क) विकसित करने के लिए नगर निगम प्रयास तेज कर दिए हैं। महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम के पीछे करीब 63 एकड़ भूमि पर बायोडायवर्सिटी पार्क को विकसित किया जाना है। इसके लिए निविदा आमंत्रित की गई हैं, जिसकी अंतिम तिथि 27 जून निर्धारित की गई है।

यह स्थल भविष्य में खूबसूरत पिकनिक स्पॉट के तौर पर भी अपनी पहचान कायम कर सकेगा। नगर निगम द्वारा प्रस्तावित बायोडायवर्सिटी पार्क को विकसित करने पर लगभग 12 करोड़ 74 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम भी काफी उतावला है। उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पार्क में 300 से 400 प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे। पार्क के विकास और खूबसूरती के लिए तकनीकी संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

भविष्य में यह स्थल शहरवासियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा। उद्यान प्रभारी डॉ. सिंह ने बताया कि महापौर आशा शर्मा तथा नगरायुक्त महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर बायोडायवर्सिटी पार्क को विकसित करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है।

शहर के बीचों-बीच आधुनिक तकनीकी से युक्त एक ऐसे पार्क का विकास किया जाएगा, जिसमें रिसर्च सेंटर का भी प्रबंध रहेगा। पार्क में पौधों की सिंचाई के में इस्तेमाल पानी को तकनीकी के माध्यम से स्वच्छ किया जाएगा। शहरवासियों के लिए सिटी फॉरेस्ट के रूप में बायोडायवर्सिटी पार्क एक अमूल्य धरोहर के रूप में होगा, जिससे भावी युवा पीढ़ी को भी विशेष लाभ प्राप्त होगा। नगर निगम द्वारा शहर हित में विभिन्न योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिसमें बायोडायवर्सिटी पार्क एक विशेष योजना है।

*- महेंद्र सिंह तंवर, नगरायुक्त, गाजियाबाद नगर निगम*



हालांकि पूर्व में भी निविदा आमंत्रित की गई थीं, मगर आचार संहिता व अन्य कारणों से यह कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाई थी। इसके अलावा पूर्व में टेंडर भी निकाले गए थे, मगर किसी फर्म ने प्रतिभाग नहीं किया था। उन्होंने बताया कि अब तीसरी बार निविदा आमंत्रित की गई हैं, जिसमें इच्छुक ठेकेदार या कंपनियां 27 जून से पहले आवेदन कर सकती हैं। बायोडायवर्सिटी पार्क को विकसित करने में 10 माह का समय निर्धारित है तथा ठेकेदार या फर्म के पास 5 वर्ष का अनुभव उक्त क्षेत्र में अनिवार्य बताया गया है। उक्त पार्क में टेंडर करने के लिए अन्य नियम एवं शर्तें भी दी गई है। जिन्हें ध्यान में रखकर फर्म टेंडर में प्रतिभाग कर सकती हैं।


## कैंसर पीड़ितों की मदद व आर्थिक सहायता को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**गाजियाबाद।** देशभर में कैंसर पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ रही है और कैंसर ऐसी बीमारी है कि इंसान आखिरी सांस तक इससे जूझता रहता है। लेकिन सरकार की तरफ से बीमारी से ग्रसित लोगों को कोई मदद नहीं मिल रही है। सोशल वर्कर सीमा देवी का कहना है कि यूपी में कैंसर के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। जिन अस्पतालों में सुविधाएं हैं तो वह मरीजों की पहुंच से बहुत दूर हैं। मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, बागपत, सहारनपुर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, बिजनौर, शामली, अलीगढ़, आगरा, हापुड़ आदि जनपदों में कैंसर के इलाज के लिए दिल्ली की ओर रुख करना पड़ता है। ऐसे में मरीज के इलाज में काफी समय भी लग जाता है। इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कैंसर के मरीज को सरकार की ओर से हर महीने आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए ताकि मरीज खुद को परिवार के ऊपर बोझ न समझे और अपना जीवन सकारात्मकता के साथ जी सके। प्रदेश भर में कैंसर के मरीजों को हर महीने आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए ताकि मरीज अपना इलाज आसानी से करा सके।

## 780 रुपये में अब निजी सेंटरो पर सीधे लगवा सकेंगे वैक्सीन

गाजियाबाद न्यूज । गाजियाबाद में सरकारी केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीन के लिए स्लॉट मिलने में काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में अब लोगों परेशान होने की जरुरत नहीं है। लोग अब निजी सेंटरों पर सीधा जाकर वैक्सीन लगवा सकते हैं। इसके लिए 780 रुपए शुल्क देना होगा। दरअसल, जिले में ज्यादा लोग सरकारी वैक्सीनेशन सेंटर पर वैक्सीन लगवाना पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि स्लॉट खुलते ही 2 से 5 मिनट में स्लॉट फुल हो रहा है और लोगों को वैक्सीन के लिए स्लॉट नहीं मिल पा रहा है।

सरकारी केंद्रों में 8000 से 10000 लोगों को औसतन रोजाना वैक्सीन लगाई जाती है। इसके अलावा वर्कप्लेस पर भी वैक्सीन लगाई जा रही हैं। वहीं, प्रावइेट सेंटरों पर यह संख्या काफी कम रहती है।सरकारी केन्द्रों के लिए लोग एक-एक माह से इंजतार कर रहे हैं। ऐसी स्थितियों



में कुछ लोग दिल्ली में स्लॉट बुक कराकर वहां लगवाने जा रहे हैं।

इस परेशानी से बचने के लिये प्राइवेट सेंटर उपलब्ध है, जहां वैक्सीन लगवा सकते हैं। मगर, यहां पर कम संख्या में लोग वैक्सीन लगवा रहे हैं। इस वजह से आसानी से वैक्सीन लग रही है। इस संबंध में मैक्स के प्रवक्ता ने बताया कि वैक्सीनेशन सेंटर में कम संख्या में लोग वैक्सीन के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल से बाहर बनाया गया सेंटर बंद भी करना पड़ सकता है।

## बिजली पानी की समस्या को लेकर लोग सड़लक पर उतरने के लिए मजबूर

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की आफिसर सिटी-1 सोसायटी के निवासी शुक्रवार रात से बिजली और शनिवार सुबह से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। रात में बिजली आपूर्ति बाधित होते ही 50-60 निवासी बिल्डर पुनीत त्यागी के कविनगर स्थित आवास पहुंचे और हंगामा किया। पुलिस के समझाने पर लोग लौट गए। शनिवार सुबह थाना नंदग्राम पहुंचे तो उच्चाधिकारियों के पास भेज दिया।

लोग एसएसपी मुनिराज जी से मिले तो उन्होंने जिलाधिकारी से गुहार लगाने को कहा। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट गंभीर सिंह के पास भेजा। सिटी मजिस्ट्रेट ने सीओ सिहानी गेट से मिलने को कहा और फिर लोग दोबारा थाना नंदग्राम पहुंचे और प्रोजेक्ट बनाने वाली प्रोव्यू इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. के मालिक पुनीत त्यागी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दी। दीपा सिरोही की शिकायत के



मुताबिक एक हजार किलोवाट के आवंटित लोड पर यहां के 1250 निवासियों को आठ हजार किलोवाट के कनेक्शन दे रखे हैं, जिससे आए दिन फाल्ट होता है।

शुक्रवार रात को भी बिजली चली गई और जेनरेटर से भी आपूर्ति शुरू नहीं हुई। लिफ्ट को जेनरेटर से आपूर्ति नहीं मिलती। आरोप है कि इसी कारण पूर्व में बीमार महिला को सातवीं मंजिल से उतारने में आधा घंटे का समय लग गया। गंभीर हालत में समय से इलाज न मिलने के कारण उनकी मौत हो गई थी। सचिन ने बताया कि पेयजल के लिए पंप हाउस नहीं बना है और पार्किंग भी पर्याप्त नहीं है।

आग बुझाने के उपकरण भी नहीं लगे हैं और अग्निशमन विभाग मौन है। क्लब हाउस, मार्ग, एसटीपी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बेसमेंट आदि का काम भी अधूरा है। कूड़ा पड़ा रहता है और मेंटेनेंस आफिस में सुनवाई नहीं होती। फ्लैट के एग्रीमेंट में कब्जे के साथ ही इन सुविधाओं का आश्वासन दिया गया था। यहां के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। पुनीत त्यागी और मेंटेनेंस प्रभारी सुनील को कई बार फोन मिलाया, लेकिन उन्होंने उठाया नहीं।

## सभासदों ने ईओ व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद न्यूज।** लोनी में सभासदों ने अधिकारियों पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया है। साथ ही आज जब नगर पालिका में बैठक हुई तो बोर्ड जब का सभासदों ने एकजुट होकर बहिष्कार किया। साथ ही पदाधिकारियों के खिलाफ खन्ना नगर कॉलोनी स्थित नगर पालिका में धरने पर बैठ गए। सभासदों ने नारेबाजी करते हुए ईओ व एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को लोनी नगर पालिका में ईओ शालिनी गुप्ता, चैयरमेन रंजीता धामा, सभासदों के बीच बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक शुरू हुई। बैठक में बजट रखा जा रहा था। इस दौरान सभी सभासद उठ गए और बोर्ड बैठक का




बहिष्कार करते हुए ईओ शालिनी गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा।इसके बाद सभी सभासद मीटिंग हॉल से बाहर निकलकर नगर पालिका के मैदान में आ गए। सभी सभासद वहीं धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। सभासद प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष जगत सिंह ने बताया कि जब भी विकास कार्य की गुणवत्ता और जल निकासी की बात करते हैं तो सभासदों की सुनवाई नहीं होती है।

सुनवाई नहीं होने पर सभी सभासदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया है। ईओ और चैयरमेन द्वारा बार-बार झूठा आश्वासन दिया जाता है, लेकिन काम अपनी मर्जी से ही किया जाता है। सभासद प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि लोनी नगर पालिका की बोर्ड मीटिंग में मात्र औपचारिकता ही पूरी की जाती है। जब सभासदों की सुननी नहीं है तो बोर्ड बैठक करने का कोई अर्थ नहीं है।

## 7 साल से डयूटी से अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्ति का आदेश जारी

**गाजियाबाद न्यूज।** उप कृषि निदेशक गाजियाबाद कार्यालय में प्रा0सहा0-सी के पद पर कार्यरत सुनील कुमार वर्मा पिछले सात साल से डयूटी से नदारद हैं। उप कृषि निदेशक गाजियाबाद डॉ वीरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि सुनील कुमार वर्मा द्वारा उप कृषि निदेशक गाजियाबाद कार्यालय में प्रा0सहा0-सी के पद पर प्रा0सहा0-सी के पद पर 2001 से कार्यरत हैं और 7 साल से डयूटी से नदारद चल रहे हैं। इस सम्बन्ध में उप कृषि निदेशक गाजियाबाद कार्यालय के अनेक पंजीकृत पत्रों द्वारा कार्यालय में योगदान करने के लिए निर्देशित किया गया था। सभी पत्र उनके आवासीय पते- मकान नम्बर बी-105 कान्तिनगर विस्तार दिल्ली 110031 पर प्रेषित किये गए हैं।

# दुहाई डिपो में टेस्टिंग रन के लिए ट्रैक पर खड़ा हुआ ट्रेन सेट

गाजियाबाद। देश की पहली रीजनल रैपिड रेल गाजियाबाद के दुहाई डिपो में असेंबल होकर रेल पटरी पर खड़ी हो गई है। रैपिड रेल गुजरात के सांवली में एल्सटॉम कंपनी के प्लांट में तैयार हुई थी। इसे छह बड़े ट्रेलर पर लादकर 12 जून को इस डिपो में लाया गया था। एल्सटॉम के इंजीनियरों ने यहां पर सभी छह कोच आपस में जोड़े और अब इनको रेल पटरी पर खड़ा कर दिया गया है।



दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर 82 किलोमीटर लंबा है। रीजनल रैपिड रेल का पहला स्टेशन दिल्ली के सराय काले खां में है। आखिरी स्टेशन मेरठ के मोदीपुरम में होगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 40 हजार करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। रैपिड रेल के सभी कोच गुजरात के सांवली में एल्सटॉम कंपनी के प्लांट में तैयार किए गए हैं। 7 मई को एल्सटॉम ने पहला ट्रेन सेट भारत सरकार को सौंपा था, जो दुहाई डिपो में तैयार होकर खड़ा है। इस तरह के अभी 39 और ट्रेन सेट तैयार होकर दुहाई डिपो में आने हैं। इसमें 30 ट्रेनें रैपिड और 10 ट्रेनें मेरठ मेट्रो के लिए होंगी। फर्स्ट फेज में साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक (17 किलोमीटर ट्रैक) पर रैपिड रेल दौड़नी है, इसके लिए ट्रायल रन अगस्त-2022 में हो सकता है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि रैपिड रेल का सबसे बड़ा डिपो दुहाई में तैयार किया गया है। यहां पर प्रशासनिक भवन और मशीनरी भवन भी बना है, जहां से पूरे कॉरिडोर पर चलने वाली ट्रेनों को संचालित किया जाएगा। इस डिपो में कुल 17 रेल लाइन बनाई गई हैं। इसमें 11 स्टेबलिंग लाइन, 2 वर्कशॉप लाइन, 3 इंटरनल-बे लाइन, 1 हैवी इंटरनल क्लीनिंग लाइन है। इन सभी लाइनों पर ट्रेनों को खड़ा किया जाएगा।

> एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि रैपिड रेल का सबसे बड़ा डिपो दुहाई में तैयार किया गया है। यहां पर प्रशासनिक भवन और मशीनरी भवन भी बना है, जहां से पूरे कॉरिडोर पर चलने वाली ट्रेनों को संचालित किया जाएगा।

### ऐसे आने हैं और 39 ट्रेन सेट

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर 82 किलोमीटर लंबा है। रीजनल रैपिड रेल का पहला स्टेशन दिल्ली के सराय काले खां में है। आखिरी स्टेशन मेरठ के मोदीपुरम में होगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 40 हजार करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। रैपिड रेल के सभी कोच गुजरात के सांवली में एल्सटॉम कंपनी के प्लांट में तैयार किए गए हैं। 7 मई को एल्सटॉम ने पहला ट्रेन सेट भारत सरकार को सौंपा था, जो दुहाई डिपो में तैयार होकर खड़ा है। इस तरह के अभी 39 और ट्रेन सेट तैयार होकर दुहाई डिपो में आने हैं। इसमें 30 ट्रेनें रैपिड और 10 ट्रेनें मेरठ मेट्रो के लिए होंगी। फर्स्ट फेज में साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक (17 किलोमीटर ट्रैक) पर रैपिड रेल दौड़नी है, इसके लिए ट्रायल रन अगस्त-2022 में हो सकता है।

# पिता करते हैं बेलदारी, बेटे ने किया दसवीं में टॉप

**गाजियाबाद न्यूज।** यूपी बोर्ड दसवीं में जिला गाजियाबाद टॉप करने वाले छात्र विकास कुमार के पिता राकेश मजदूरी (बेलदारी) करते हैं। कोरोना महामारी से पहले वह दर्जी का काम करते थे, लेकिन लॉकडाउन ऐसा लगा कि उनका काम धंधा चौपट हो गया। परिवार की आर्थिक स्थिति को संभाले रखने के लिए उन्होंने मजदूरी शुरू कर दी।आज वह सिर पर ईंट-गारा ढोते हैं। कई-कई दिन ऐसे भी होते हैं, जब उन्हें काम नहीं मिल पाता। इसके बावजूद वह हिम्मत न हारकर अपने एक बेटे और दो बेटियों को पढ़ा रहे हैं।




**नहीं पढ़ा ट्यूशन**

महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज का छात्र विकास यह कहने में जरा भी शर्म महसूस नहीं करता कि उसके पिता चिनाई मजदूर हैं। विकास की इच्छा पुलिस सब इंस्पेक्टर बनने की है। वह कहते है कि इंटरमीडिएट में जी-तोड़ मेहनत करके हाईस्कूल की तरह नंबर वन का प्रयास करेंगे। विकास बताते हैं कि परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इसलिए ट्यूशन का उन्होंने कभी नहीं सोचा। स्कूल के अलावा घर पर ही सेल्फ स्टडी की। स्कूल में छात्रों की अटेंडेंस को लेकर स्कूल मैनेजमेंट सख्त रहता है, इसलिए स्कूल मिस करने का कभी सवाल ही नहीं उठा।

**गूगल-यूट्यूब से मिली बेहद मदद**

विकास बताते हैं कि कोरोना में जब स्कूल बंद हो गए तो उन्हें पढ़ाई की दिक्कत आई। मोबाइल खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। पिता से कहा तो उन्होंने जैसे-तैसे पुराना एंड्राइड फोन खरीदकर विकास को दिया। जिसके बाद उसकी ऑनलाइन पढ़ाई चालू हो पाई। मोबाइल को बच्चे गेम्स के रूप में यूज करते हैं, लेकिन उन्होंने इसको अपनी पढ़ाई का हथियार बना लिया। गूगल और यूट्यूब की मदद से हर विषय पर अपनी पकड़ बनाई। कुछ नोट्स ऑनलाइन देखे और उनका रिवीजन किया।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल के रिजल्ट में जब विकास जिले का टॉपर बना तो उस वक्त उसके पिता राकेश कुमार एक घर में मजदूरी कर रहे थे। विकास ने फोन करके पिता को खबर दी तो वह फूले न समाए। वो सीधे बच्चे के स्कूल पहुंच गए। राकेश कुमार बोले– बेटे ने स्कूल और हमारा नाम रोशन किया है। हमें बहुत खुशी है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया जागरूकता कैंप

**गाजियाबाद न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिन्हा के दिशा निर्देशन में दुहाई नगर पंचायत दुहाई गाजियाबाद में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नेहा रूंगटा द्वारा आईएमआर लॉ कॉलेज के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पार्षद गुलधर दुहाई अजयवीर सिंह द्वारा सभी का स्वागत किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नेहा रूंगटा ने कहा कि बच्चे भारतवर्ष के भविष्य हैं। प्रत्येक बच्चे को उनकी शिक्षा और सुरक्षा का अधिकार है साथ ही यह भी बताया कोविड-19 में जिन बच्चों के माता-पिता का देहांत हो गया है उन बच्चों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत बच्चों को पढ़ाई और अन्य खर्चों के लिए सरकार पैसे दे रही हैं और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा लोगों को निशुल्क विधि परामर्श एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बालिका सुमंगला योजना, मिशन शक्ति एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कानूनों के बारे में जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में आईएएम आर लॉ कॉलेज से डॉ. संदीप कुमार, आशुतोष सिंह, सुनीत कुमार द्विवेदी, विनीता शर्मा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नितिन कुमार एवं अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज छात्रा ने किया इंटरमीडिएट में टॉप

गाजियाबाद न्यूज। यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट के नतीजे भी आ गए हैं। गाजियाबाद का परीक्षा परिणाम 92.12 फीसदी रहा है। महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुरम की छात्रा चित्रा चौधरी ने जिला टॉप किया है। आंकड़ों के मुताबिक, 21488 छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा दी। इसमें 19795 छात्र-छात्रा पासआउट हुए हैं।



इसमें भी 9932 लड़के और 9863 लड़कियां शामिल हैं। एमडी इंटर कॉलेज गोविंदपुरम की छात्रा चित्रा चौधरी 90.80% मार्क्स के साथ जिले में पहले स्थान पर रही हैं। आपको बता दें कि हाईस्कूल का जिला टॉपर भी इसी स्कूल का छात्र विकास है। जीसी पब्लिक इंटर कॉलेज की काजल बघेल ने 88.20% मार्क्स लाकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि तीसरे नंबर पर 88 फीसदी अंकों के साथ सुहानी रही हैं जो सीआरएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोनी की छात्रा हैं।

इनके अलावा टॉप-10 की लिस्ट में चौथे नंबर पर रिया और कहकशा, पांचवें नंबर पर हर्षवर्धन, छठे पर प्रशांत, सातवें पर महक रानी, आठवें पर अलिना, 9वें पर विशाल और गरिमा त्यागी व दसवें नंबर पर रिचा रही हैं।

# एडमिशन नहीं देने पर जीपीए ने मजिस्ट्रेट को सौपा ज्ञापन, स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**गाजियाबाद न्यूज ।** जीपीए ने सफायर इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आरटीई के अंतर्गत चयनित छात्र को शासनादेश को आये दो महीने से भी ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी प्रवेश नही देने पर मान्यता रद्द करने की कार्यवाई और बच्चे का प्रवेश स्कूल में सुनिश्चित कराने के लिए नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। अभी कुछ दिन पहले ही नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में हुई मीटिंग के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आरटीई के प्रवेश नही लेने पर सख्ती दिखाते हुये निजी स्कूलों को मान्यता रद्द करने का चेतावनी नोटिस भेजा था जिसका कोई असर निजी स्कूलों पर पड़ता दिखाई नही दे रहा है और जिले के अधिकतर निजी स्कूल मान्यता रद्द करने के नोटिस को नजर अंदाज कर बच्चों को आरटीई के अंतर्गत एडमिशन नही दे रहे है। जिसके कारण अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा का मौलिक अधिकार दिलाने के लिये दर दर की ठोकर खाने के लिये मजबूर हो रहे हैं। जीपीए के पदाधिकारी नरेश कसोना और कौशल ठाकुर ने बताया कि अभिभावक से प्राप्त शिकायत का सज्ञान लेते हुये जीपीए ने नगर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि 11 अप्रैल 2022 को जारी शदनादेश के मुताबिक छात्र आयुष कुमार का चयन आरटीई के अंतर्गत गाजियाबाद के सफायर इंटरनेशनल स्कूल, क्रासिंग रिपब्लिक स्कूल में हुआ था बच्चे के माता-पिता एडमिशन को लेकर अनेकों बार स्कूल जा चुके है लेकिन बार बार कुछ न कुछ कहकर अभिभावकों को वापस भेज दिया जाता है जिसका परिणाम यह हुआ कि शासनादेश के 2 महीने से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी छात्र आयुष कुमार का एडमिशन स्कूल द्वारा नही लिया गया है। इस मौके पर संजय शर्मा, विजय चौबे, नरेश कसोना, कौशल ठाकुर, धर्मेंद्र यादव, यशपाल भाटी, सोनू, अमित , विवेक त्यागी आदि सदस्य मौजूद रहे।



## Editorial

# Playing with fire: On Agnipath

All non-officer appointments to the three wings of the Indian armed forces will be through the Agnipath (literally, the path of fire), the Centre announced on June 14. The Government has enumerated its reasons for the move that fundamentally disrupts not only the process of recruitment but also the character of the soldier. Almost on cue, a section of experts has jumped in praising the move as transformative for the country's defence. But many in the defence community and also political observers have not shied away from expressing their reservations and shock. Youth aspiring to join the forces are on the streets in protest in several States, and are even turning violent in many places. With no recruitment in the last two years due to COVID-19, these youngsters were already frustrated. With modest education and skills, they fear the new process stalls an accessible escape route from poverty. As opposed to the existing 15 years plus service followed by lifelong pension, the new recruits, or Agniveers (literally, fire heroes) will have a four-year tenure including six months of training. Upon completion they will be given an opportunity to apply for permanent cadre and up to a fourth would be enrolled as regular cadre. The rest will exit with a tax-free purse of approximately 11.71 lakh and return to civil life to aid in 'nation building'. The process of recruitment will commence in 90 days with an intake of about 46,000 youngsters. The Government claims the new scheme will help build a younger, fitter defence force, with personnel more trainable in the changing technological environment. It says it will also inculcate military discipline, ethos and skilling as a value addition, improving the prospects for those who return to civil society. To start with, there will be no permanent recruitment in the armed forces for the next four years.

(Dr. Dheeraj Kumar Bhargava)

# More COVID-19 cases feared in Indian camp in England ahead of practice game: Report

The Indian cricket team kicked off their preparations for the final Test against England a few days ago and to get themselves used to the red-ball environment, the team is set to play a four-day warm-up game against Leicestershire. However, the team's preparations have been hit by COVID-19 as after off-spinner Ravichandran Ashwin didn't fly to England owing to a positive test, a few more cases have likely been reported in the camp.



According to a report in the Times of India, former Indian skipper Virat Kohli had tested positive on arrival after coming from a vacation in the Maldives with his family. While Kohli has recovered and joined the team, a few more players may have also returned a positive test. The COVID-19 scare is likely to jeopardise the visitors' preparation for the first Test as the source said that with the number of cases increasing, the medical staff has advised the management to not overload the preparation and hence the intensity against the Leicestershire Foxes might not be as much as the head coach Rahul Dravid would have liked in the lead-up to the Edgbaston game This now means that India's tour game against Leicestershire from June 24 won't be as intense as coach Rahul Dravid wanted it to be, since the medical advice is to not overload the players after they've suffered Covid-19. There could be more Covid cases in the team,₹ the source added.

India will already be without the services of KL Rahul in the Test match and further cases will only hamper the visitors' strength in the final game against a rejuvenated England Test team, which is coming off from two consecutive memorable wins against New Zealand. The match begins on Friday, July 1 at Birmingham's Edgbaston.

# Watch: On her return, Serene Williams' priceless reaction to doubles partner Ons Jabeur's winning serve goes viral



American star tennis player Serena Williams made a winning return to the court in her build-up to the Wimbledon 2022. Williams, who hasn't played professional tennis for a year, had retired out during her Wimbledon game against Aliaksandra Sasnovich last year after suffering a leg injury. Williams announced a shock comeback to the premier Grand Slam this year, which will begin on June 27. Williams started her return process by playing at Britain's Eastbourne International with a double game and how badly she needed that win just to make sure no one has any doubts over her.

Williams paired up with World No. 3 Ons Jabeur and they beat the Spaniard-Czech pair of Sara Sorribes Tormo and Marie Bouzkova 2-6, 6-3, 13-11 after being down by one set in the women's doubles match on Tuesday. It took some time for the 40-year-old to get into her groove as she looked a bit rusty and her serve was broken in the fourth game as Tormo and Bouzkova took the first set easily. However, as the game went on, it started to get better for Williams. Williams and Jabeur held the serve and were 4-3 ahead in the second set and the American took the set to the decider after serving the next game and a missed volley by Tormo was enough for them to win it.

The third set was a hard-fought one. However, Tunisian star Jabeur was at his best and helped her team to prevail in the end with 13-11. Jabeur's final winning serve brought several emotions to Williams' face all at once. While she had pride and admiration in her eyes for Jabeur seeing her fly and own the last 20 minutes while relief after ending up on the right side of the result in her first game on return. Her priceless reaction has received a lot of love on social media.



# देश की पहली भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन दिल्ली से रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल द्वारा चलाई जाने वाली देश की पहली भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन 'श्री रामायण यात्रा' दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना की हुई।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी झंडी दिखाकर टूरिस्ट ट्रेन को रवाना किया।इस मौके पर भारत में नेपाल के राजदूत डा।शंकर प्रसाद शर्मा और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वीके त्रिपाठी भी मौजूद रहे। ट्रेन में सफर करने के लिए 533 यात्रियों ने बुकिंग कराई है। ट्रेन में कुल 600 सीटें हैं, इस तरह करीब 90 फीसदी के आसपास बुकिंग हुई।




रेलवे मंत्रालय ने ट्रेनों को किराए पर देने के लिए नई योजना भारत गौरव शुरू की है। इसके तहत चलाई जाने वाली पहली ट्रेन भारत और नेपाल को आपस में जोड़ेगी। यह ट्रेन नेपाल के जनकपुर जाएगी। ट्रेन 3 एसी है।ट्रेन पूरी यात्रा में ८000 किमी का सफर तय करेगी। यह ट्रेन देश के 8 राज्यों का सफर करेगी। ट्रेन में 18 दिन और 17 रात का सफर होगा।

ट्रेन में पेंट्री कार होगी, जिसमें पर्यटकों के लिए ताजा भोजन बनेगा। ट्रेन सीसीटीवी कैमरे से लैस होगी। सुरक्षा के लिए गार्ड भी मौजूद रहेंगे। ट्रेन के अलावा विभिन्न शहरों में रुकने के लिए एसी होटल में कमरों की व्यवस्था होगी। ट्रेन से बाहर खाना होटल, रेस्त्रां और बैंक्वेट में खाना और लोकल ट्रांसपोर्ट उपलब्ध कराया जाएगा। नेपाल के अलावा ट्रेन उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र,कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश होकर गुजरेगी।

ट्रेन 12 प्रमुख शहरों से होकर गुजरेगी, जो भगवान श्रीराम से संबंधित हैं, यहां पर यात्री इन धार्मिक स्थानों के दर्शन कर सकेंगे।इनमें अयोध्या, बक्सर,जनकपुर, सीतामढ़ी, काशी, प्रयाग, चित्रकूट, नासिक,हम्पी, रामेश्वरम, कांचीपुरम और भद्रांचल शामिल हैं।

### शहरों में भगवान राम से जुड़े ये हैं स्थान

- अयोध्या- राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी, सरयू घाट, नंदीग्राम, भरत हनुमान मंदिर और भरत कुंड
- जनकपुर (नेपाल)- रामजानकी मंदिर
- सीतामढ़ी- जानकी मंदिर और पुराना धाम
- बक्सर- राम रेखा घाट, रामेश्वरनाथ मंदिर
- वाराणसी- तुलसी मानस मंदिर, संकट मोचन मंदिर, विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती
- श्रृंगवेरपुर- श्रिंगी ऋषि आश्रम, शांता देवी मंदिर, रामचौरा.
- प्रयागराज- सीता समाहित स्थल, सीतामढ़ी, भारद्वाज आश्रम, गंगा-यमुना संगम और हनुमान मंदिर
- चित्रकूट-गुप्त गोदावरी, रामघाट, सती अनसुनिया मंदिर
- नासिक-त्र्यंबकेश्वर मंदिर , पंचवटी, सीता गुफा, कालाराम मंदिर
- हंपी- अंजानाद्री पहाड़ी, विरुपक्षा मंदिर और विट्ठल मंदिर
- रामेश्वरम- रामनाथस्वामी मंदिर और धनुषकोठी
- कांचीपुरम- विष्णु कांची, शिवा कांची और कामाक्षी अम्मान मंदिर
- भद्राचलम- श्री सीताराम स्वामी मंदिर, अंजनी स्वामी मंदिर

# दिल्ली-एनसीआर में फिर तेजी से फैल रहा कोरोना वायरस, पॉजिविटी रेट भी बढ़ा

**टीबीसी न्यूज।** दिल्ली-एनसीआर में कोरोना वायरस महामारी एक बार फिर सिर उठाने लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ राष्ट्रीय राजधानी में 1,383 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई है. इसी के साथ पॉजिटिविटी रेट भी बढ़कर 7.22 पर पहुंच गया है। मंगलवार को दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि पिछले चौबीस घंटे में संक्रमण में एक व्यक्ति की मौत भी हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 19,165 परीक्षणों में से ये मामले सामने आए हैं। इन नए मामलों के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 19,24,532 हो गई है, जबकि मृतकों की संख्या बढ़कर 26,239 पर पहुंच गई है। दिल्ली से सटे नोएडा में भी कोरोना संक्रमण तेजी फैल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि नोएडा में पिछले चौबीस घंटे में 125 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई है, जिसके बाद सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 606 पर पहुंच गई. नोएडा में तेजी से बढ़ते संक्रमण के मामलों ने आला अधिकारियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। बताया गया कि इससे पहले बीस जून को कोविड के 99 मरीज मिले थे। 19 जून को 87, 18 जून को 90, 17 जून को 95 और 16 जून को 100 नए मरीजों की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक यूपी के किसी भी जिले की तुलना में सबसे अधिक कोरना मरीज नोएडा में मिले हैं। लिस्ट में दूसरे नंबर पर लखनऊ है।

अनुमान है अगले कुछ दिनों में राज्य की राजधानी में कोविड मरीजों की संख्या में उछाल आ सकता है।



### देश में 12,259 नए मरीजों की पुष्टि

इसके अलावा देश में भी कोरोना संक्रमितों की संख्या एक बार फिर बढ़ने लगी है। केंद्र स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को ये जानकारी दी। बताया गया कि पिछले चौबीस घंटे में कोरोना के 12,249 नए मामलों की पुष्टि हुई है। इसी के साथ देश में संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 4,33,31,645 हो गया है. वहीं, संक्रमण से 13 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,24,903 हो गई है।

# साइकिल पर सवार होकर थाने पहुंचे एसएसपी



**गाजियाबाद।** जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर कसे जा रहे शिकंजे के साथ अब एसएसपी मुनिराज जी. पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली को सुधारने से नहीं चूक रहे है। रविवार को एसएसपी मुनिराज जी सुबह सैर करने के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे से होते हुए अचानक साइकिल पर सवार होकर राइडिंग करते हुए टी-शर्ट और नेक्कर में थाना भोजपुर को औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। अचानक एसएसपी को देखकर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में साफ - सफाई पर ध्यान देने को कहा और रजिस्टर चेक किए।

शाट्स और टीशर्ट पहने एसएसपी मुनिराज जी ने थाना भोजपुर पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले कार्यालय पहुंचे और रजिस्टर चेक किए।

# पुण्यतिथि पर भाजपाईयों ने किया डॉ. श्यामा प्रसाद को नमन

**गाजियाबाद।** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति और देश की एकता-अखंडता व सुरक्षा के साथ उनकी खिलवाड़ करने की प्रवृत्ति के खिलाफ आवाज दी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे, और इसके लिए उन्होंने स्वयं को बलिदान किया। डा. मुखर्जी ने राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। यह बातें गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण करते हुए केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने कहीं।



उन्होंने कहा उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता-अखंडता के लिए समर्पित रहा। वह जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष थे। उन्होंने भारतीय राजनीति को उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से सुवासित कराया। देश की एकता-अखंडता की रक्षा के लिए उनका बलिदान हम सभी के लिए अप्रतिम प्रेरणा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वैश्विक नेता के रूप में नए भारत के निर्माण का लक्ष्य डॉ. मुखर्जी के विचारों से प्रेरित है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

# आरओ प्लांट मालिकों पर प्रशासन का शिकंजा, पांच लाख का जुर्मान लगाया

**गाजियाबाद न्यूज ।** बगैर अनुमति के पानी बेचने का कारोबार करना काफी भारी पड़ेगा। भूजल का अवैध दोहन रोकने को सरकारी तंत्र एकाएक हरकत में आया है। 3 आरओ प्लांट के मालिकों पर 5 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। जुर्माना राशि का भुगतान न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उधर, 100 वाटर हार्वेस्टिंग उपयोग लायक नहीं हैं। इन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच के लिए आवाज उठाई गई है। गाजियाबाद जनपद में पानी की बिक्री का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। स्वच्छ पेयजल की बढ़ती जरूरत को देखकर जगह-जगह आरओ प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं।

इन प्लांट की स्थापना से पहले सरकारी अनुमति लेना आवश्यक है, मगर कुछ स्थानों पर बिना मंजूरी के यह प्लांट संचालित हो रहे हैं। यानी भूजल दोहन करने के साथ-साथ सरकार को राजस्व का चूना भी लगाया जा रहा है।



मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक को 3 अवैध आरओ प्लांट के संचालन की शिकायत मिली थी। वहीं, जिस पर सीडीओ ने आरओ प्लांट के मालिकों पर 5 लाख का जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम के वसुंधरा जोन अंतर्गत ब्रिज विहार कॉलोनी में यह तीनों प्लांट चलाए जा रहे हैं।

आरओ प्लांट मालिक मनीष गुप्ता, नीरज शुक्ला एवं रत्ना देवी से जुर्माना राशि की वसूली की जाएगी। वहीं, मानसून का मौसम नजदीक है।



# अब अक्षय कुमार को टक्कर देंगे अजय देवगन

अजय देवगन और निर्देशक इंदर कुमार एक बार फिर से फिल्म 'थैंक गॉड' के लिए जुटे हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म है। 'थैंक गॉड' में अजय देवगन के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत सिंह हैं। फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। 'थैंक गॉड' इसी साल दिवाली पर सिनेमाघरों में आएगी। दिवाली का मौका हमेशा से बॉलीवुड के लिए खास रहा है। ऐसे में मेकर्स पहले से अपनी फिल्म की तारीख इस दिन के लिए बुक कर लेते हैं। दिवाली पर केवल अजय देवगन की फिल्म ही नहीं बल्कि अक्षय कुमार की 'रामसेतु' भी रिलीज होगी।

**दो सुपरस्टार की फिल्म एक ही दिन**

अक्षय की 'रामसेतु' की काफी समय से चर्चा है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस और नुसरत भरूचा हैं। फिल्म से अक्षय का लुक पहले ही सामने आ चुका है। 'रामसेतु' इस साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान काफी पहले ही किया गया था। फिल्म के निर्देशक अभिषेक शर्मा हैं। तो इस तरह अब दिवाली पर बॉलीवुड के दो सुपरस्टार एक दूसरे से टकराएंगे। अक्षय हाल ही में 'सम्राट पृथ्वीराज' में दिखे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। बीते दिनन ही अक्षय कुमार की फिल्म 'रक्षाबंधन' की रिलीज की तारीख आई। अक्षय की यह फिल्म 11 अगस्त को आएगी। उन्होंने एक पोस्ट लिखकर कहा, 'आप सभी के लिए एक सच्चे बॉन्ड की कहानी ला रहे हैं जो आपको आपकी याद दिलाएगी।

# रूट कैनाल सर्जरी से एक्ट्रेस का बिगड़ा चेहरा, ट्रीटमेंट से पहले रखें बरतें सावधानी





**हेल्थ डेस्क।** कन्नड़ एक्ट्रेस स्वाति सतीश ने हाल ही में अपने दांत की सर्जरी कराई थी। लेकिन इसकी वजह से उनका खूबसूरत चेहरा बिगड़ गया। उनका चेहरा थोड़ा सा टेड़ा हो गया और बुरी तरह सूजा हुआ हो गया। अदाकारा की मानें तो सर्जरी के 20 दिन बाद भी चेहरे पर सूजन हैं और उन्हें पहचानना मुश्किल है। रूट कैनाल सर्जरी क्या होता है और उसे कराने से पहले क्या सावधानी बरतनी चाहिए आइए जानते हैं। संक्रमित दांतों को सही करने, डैमेज दांतों को ठीक करने के लिए रूट कैनाल किया जाता है। यह दांत की वजह से होने वाले दर्द से राहत देती है। इसके साथ दांतों की खूबसूरती बढ़ जाती है। रूट कैनाल सर्जरी के दौरान दांत के अंदर की नसों और सूजन वाले हिस्से को हटा दिया जाता है। इसके बाद दांत के जड़ को क्लीन करके उसे सील यानी बंद कर दिया जाता है।

**ओरल बैक्टीयिा मसूड़ों को करता है डैमेज**

जब दांतों की कैविटी को बिना इलाज के लंबे समय के लिए छोड़ दिया जाता है तब बैक्टीरिया मसूड़े के अंदर चले जाते हैं। या फिर किसी कारण से दांत टूट जाता है तो रूट कैनाल उपचार की जरूरत पड़ती है। दांतों के अंदर प्रभावित ब्लड वेसिल्स, नर्व्स और कनेक्टिव टिश्यू को ठीक करने के लिए ट्रीटमेंट किया जाता है। अगर दांतों में दर्द या मसूड़ों में दर्द होता है तो तुरंत डेटिस्ट के पास जाना चाहिए। लेकिन डॉक्टर के पास जाने से पहले उस डॉक्टर का रिकॉर्ड जरूर चेक कर लेना चाहिए। नहीं तो हालत ठीक होने की बजाय बिगड़ सकता है।

**रूट कैनाल कब तक होता है ठीक**

रूट कैनाल के बाद ज्यादा दर्द नहीं होता है। तीन चार दिनों में दांत पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ संवेदनशील केस में इसे ठीक होने में दो हफ्ते लग सकते हैं। इसके बाद खाना पीना आप पहले की तरह ले सकते हैं। अगर दर्द ठीक नहीं हो रहा है तो फिर तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

**रूट कैनाल के दौरान बरते सावधानी**

रूट कैनाल के दौरान सावधानी बरतने की जरूरत होती है। दांत में कई ऐसी नसें होती है जिनकी गड़बड़ी से मुंह में पैरालेसिस हो सकता है। कई दिमाग को भी प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए रूट कैनाल किसी एक्सपर्ट डॉक्टर से ही कराना चाहिए।

# काजल अग्रवाल ने बेटे नील के साथ सेलिब्रेट किया बर्थडे, एक्ट्रेस ने बताया इस जन्मदिन को बेहद खास

**मुंबई।** एक्ट्रेस काजल अग्रवाल ने 19 मई को अपना 37वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस अपने बर्थडे के इस खास मौके पर अपने बेटे नील के साथ सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर किया है। एक्ट्रेस ने फोटो में बेटे नील का चेहरा रिवील कर दिया है।

**काजल ने शेयर की बेटे नील की पहली फोटो**

पिक्चर में काजल, नील को किस देने की कोशिश करते हुए दिख रही हैं। इस फोटो में काजल रेड आउटफिट पहने नजर आ रही हैं। जबकि उन्होंने अपने बेटे के लिए व्हाइट कलर के कपड़े चुने। फोटो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, ₹मैंने अपने नन्हें मंचकिन के साथ सबसे अच्छा बर्थडे सेलिब्रेट किया। इतनी सारे प्यार और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

**गौतम किचलू से 2020 में की थी शादी**

फादर्स डे के खास मौके पर काजल ने अपने पति गौतम और बेटे नील की फोटो शेयर की थी। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ₹हैप्पी फर्स्ट फादर्स डे। लव यू।₹ काजल ने 2020 में बिजनेसमैन गौतम किचलू से शादी की थी। कपल ने इस साल न्यू ईयर के मौके पर प्रग्नेंसी अनाउंस की थी। बता दें, काजल ने 19 अप्रैल को एक बेबी बॉय को जन्म दिया था।

**आखिरी बार 'मुंबई सागा' में दिखी थीं एक्ट्रेस**

काजल ने पहली बार मदर्स डे के मौके पर अपने बेटे के साथ फोटो शेयर की थी। एक्ट्रेस ने बेबी का चेहरा रिवील न करते हुए उसे हग कर रखा था। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में एक कविता के जरिए बताया था कि एक्ट्रेस के लिए उनका फर्स्ट बोर्न कितना स्पेशल है। बता दें, काजल आखिरी बार जॉन इब्राहिम और इमरान हाशमी के साथ 'मुंबई सागा' में नजर आई थीं।



# घर में करने के लिए कार्डियो एक्सरसाइज, स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद

हेल्थ न्यूज। कार्डियो का मतलब किसी भी ऐसे वर्कआउट या एक्सरसाइज से है, जो दिल की धड़कन को बढ़ाता है और उसे लंबे समय तक बनाए रखता है। जैसे-जैसे सांस लेने की स्पीड बढ़ती है, उसके साथ ही हमारा हार्ट तेजी से धड़कने लगता है। इसकी वजह से हम और तेज सांस लेने लगते हैं। तेज सांस लेने की वजह से हमारे फेफड़े, दिल और रक्त संचार प्रणाली में मजबूत होती है। साधारण शब्दों में कहें तो कार्डियो का मतलब हृदय से संबंधित एक्सरसाइज से है।

**इन कार्डियो वर्कआउट को घर पर कर सकते हैं ट्राई :**

कार्डियो एक्सरसाइज कहीं पर भी की जा सकती है। जरूरी नहीं कि इसके लिए आप जिम ही जाएं। इन्हें आप अपने घर, गार्डन या मैदान में भी कर सकते हैं। जानते हैं कुछ ऐसी ही कार्डियो एक्सरसाइज के बारे में।



**1- रस्सी कूदना :**

रस्सी कूदना एक बहुत ही अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज है। इसे घर पर आसानी से किया जा सकता है। इसे कम समय में ही सांस की गति तेज कर हार्ट को तेजी से पंप करवाया जा सकता है। इससे हार्ट मजबूत तो होगा ही इसके साथ ही वजन कम करने में भी मदद मिलेगी।

**2- नाचना :**

डांस करना भी एक बहुत अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज है। डांस करने से हार्ट बीट तेजी से बढ़ती है, जिससे हमारे शरीर में रक्त का प्रवाह तेज हो जाता है। इससे हार्ट तेजी से अपना काम करता है और उसे मजबूती मिलती है।

**3- दौड़ना :**

दौड़ना भी कार्डियो वर्कआउट ही है। दौड़ने से न सिर्फ हमारी सांस और धड़कने तेज होती हैं, बल्कि यह पूरे शरीर के लिए बहुत अच्छा वर्कआउट है। यही वजह है कि डॉक्टर भी हर रोज 15-20 मिनट हल्की दौड़ की सलाह देते हैं।

**4- साइकिलिंग :**

आप चाहें तो साइकिल चलाकर भी कार्डियो एक्सरसाइज कर सकते हैं। साइकिल से हार्ट के अलावा हमारी लोअर बॉडी भी मजबूत होती है। रोजाना 20-30 मिनट साइकिलिंग आपको फिट रखने में मदद करेगी।

**5- तैराकी :**

अगर आप तैरना जानते हैं तो ये सबसे अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज है। स्विमिंग करने से हमारे पूरे शरीर की एक्सरसाइज होती है। इससे मेटाबॉलिज्म को मजबूत करने में भी मदद मिलती है।

**6- सीढ़ी चढ़ना-उतरना :**

घर में सबसे आसान कार्डियो एक्सरसाइज सीढ़ी चढ़ना और उतरना है। इससे हमारी श्वसन दर बढ़ने के साथ ही हार्ट भी तेजी से काम करता है। हर रोज सुबह शाम 10-15 मिनट सीढ़ियों पर यह एक्सरसाइज बहुत फायदा देगी।

# जेपी नड्डा ने नोएडा के लोगों के साथ किया योग

**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में मंगलवार सुबह भाजपा, नोएडा आंत्रप्रिन्योर्स एसोसिएशन और भारत विकास परिषद की ओर से आठवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। सुबह करीब 7 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के बाद वंदेमातरम गान हुआ। इसके बाद नड्डा सहित सभी लोगों ने योग किया। विभिन्न आसनों को करने के साथ ही इनके महत्व पर जानकारी दी गई।



इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि योग पुरातन काल से शरीर, मन व आत्मा की शुद्धि करता है। हम सभी रोजाना योग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस का प्रस्ताव दिया था। जिसे करीब 170 देशों ने समर्थन दिया। आज विश्व आठवां योग दिवस मना रहा है, जिसके तहत करीब 75 हजार स्थानों पर विविध आयोजन हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने योग को वैश्विक पर्व बना दिया है। योग केवल आसनों का समूह नहीं, बल्कि यह जीवन की एक पद्धति है।

योग ही शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति संभव है। देश के लिए यह गौरव का क्षण है। योग के बाद नड्डा सेक्टर-35 स्थित नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के आवास पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने हर घर तक संपर्क को लेकर विचार भी रखे।

कार्यक्रम में सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर, नोएडा विधायक पंकज सिंह, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में कोविड-19 की गाइडलाइन के अनुसार आरोग्य योग फाउंडेशन के संस्थापक व योग गुरु डॉ. राजेश ने 500 से अधिक लोगों को योगाभ्यास कराया। उन्होंने योग के विविध फायदे बताते हुए

> जेपी नड्डा ने कहा कि योग पुरातन काल से शरीर, मन व आत्मा की शुद्धि करता है। हम सभी रोजाना योग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस का प्रस्ताव दिया था। जिसे करीब 170 देशों ने समर्थन दिया। आज विश्व आठवां योग दिवस मना रहा है।

दैनिक जीवन में योग से जुड़े रहने की अपील की। इस दौरान लोगों ने प्रमुख रूप से ताड़ासन, वृक्षासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन आदि के साथ ही साथ नाड़ी शोधन व भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया।

उन्होंने कहा कि इससे व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा, संयम, आत्मबल, अनुशासन व प्रकृति से जुड़ने का भाव प्रकट होता है। वास्तव में योग जीवन का विज्ञान है। शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए योग जरूरी है। कार्यक्रम में शामिल शहर के सेक्टरों, सोसाइटी, स्कूल और कॉलेजों के लोगों में योग के प्रति खासा उत्साह नजर आया।

## लैंक्सेस इंडिया को मिला गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड



**नई दिल्ली।** संसदीय मामलों एवं संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने स्पेशियल्टी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस को गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड 2021 प्रदान किया। कंपनी को यह अवार्ड मानव संसाधन प्रबंधन के सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया है। पीटीएसई के कार्यकारी निदेशक एवं प्रमुख नमितेश रॉय चौधरी और मानव संसाधन के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड सुनील एंटोनी ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में लैंक्सेस इंडिया की ओर से एचआर एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त किया।

## सोहना में चेयरपर्सन पद पर भाजपा उम्मीदवार अंजू देवी ने बाजी मारी



**गुरुग्राम न्यूज।** सोहना नगर परिषद के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अंजू देवी चेयरपर्सन पद का चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार ललिता को 1864 मतों से हरा दिया। तीसरे स्थान पर निर्दलीय प्रीति ने आखिरी राउंड तक मुकाबले को त्रिकोणीय बनाए रखा। इस विजय के साथ ही भाजपा के खेमे में हर्ष का माहौल है। भाजपा की जीत इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पार्टी जजपा के गठबंधन के साथ मैदान में उतरी थी। जजपा के नेताओं ने यहां कोई प्रचार नहीं किया, इसके बावजूद भी अंजू देवी ने सफलता दर्ज कराई। इसके साथ ही भाजपा के सोहना से गुरुग्राम तक के कार्यालयों में हर्ष का माहौल है। सभी नेता एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। इस चुनाव में भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गूजर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा, पूर्व मंत्री राव नरवीर सिंह, धर्मेंद्र खटाना की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। परिषद चुनाव की मतगणना सुबह आठ बजे गवर्नमेंट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुरू हुई थी। लगभग 12 बजे तक परिणाम सामने आ गया था।

## यूरोपियन ट्रेन कंट्रोल सिस्टम से रैपिड रेल नेट वर्क को सिंग्नल

**गाजियाबाद न्यूज।** गाजियाबाद। रैपिड रेल के साहिबाबाद से दुहाई तक पहले प्राथमिकता खंड में ट्रायल रन की दिशा में तैयारियां तेज हो गई हैं। 17 किमी लंबे पहले खंड के साथ 82 किमी लंबे पूरे कॉरिडोर के नेटवर्क को आधुनिक यूरोपियन ट्रेन कंट्रोल सिस्टम सिग्नल देगा। इस तकनीक की मदद से स्टेशनों के प्लेटफार्म पर लगने वाले प्लेटफार्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) ऑटोमेटिक रूप से संचालित होंगे। वहीं, इस सिस्टम की मदद से रैपिड रेल दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के बाद आगे प्रस्तावित दूसरे दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी अलवर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर पर आसानी से आवाजाही कर सकेगी।

आधुनिक यूरोपियन ट्रेन कंट्रोल सिस्टम विश्व की सबसे आधुनिक सिग्नल तकनीक में से एक है। यह सिस्टम फोज-जी नेटवर्क में एलटीई संचार तकनीक पर चलता है। यूरोपियन मानकों के तहत बनी इस हाइब्रिड सिग्नल प्रणाली का देश में पहली बार इस्तेमाल किया जा रहा है। इस प्रणाली की सटीकता इसकी खासियत होती है। जिससे किसी प्रकार की गलती की संभावना न के बराबर रह जाती है। रैपिड रेल के प्राथमिकता खंड में छह कोच की ट्रेन अब पटरी पर आ चुकी है।



# उत्तर प्रदेश सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के 2 पदों पर भर्ती

**गाजियाबाद टीबीसी न्यूज।** प्रदेश शासन के निदेर्शों के क्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के 2 पदों पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों के अनुसार नियुक्ति की जानी है।

उन्होंने बताया कि उक्त पद पर नियुक्त होने के लिए आवेदक राज्य सूचना आयुक्त विधि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, प्रबंध, पत्रकारिता, जनसंपर्क माध्यम या प्रशासन में व्यापक ज्ञान और अनुभव रखने वाला होना चाहिए तथा इसके अतिरिक्त राज्य सूचना आयुक्त संसद का सदस्य या किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के विधान मंडल का सदस्य नहीं होना चाहिए या कोई अन्य लाभ का पद धारण नहीं करेगा या किसी राजनीतिक दल से संबंध नहीं होगा या कोई कारोबार नहीं करेगा या कोई वृत्ति नहीं करेगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सूचना आयुक्त उस तारीख से जिसको वह अपना पद धारण करता है 3 वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो



भी पहले हो, पद धारण करेगा और राज्य सूचना आयुक्त के रूप में दोबारा नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

ऐसे राज्य सूचना आयुक्त को जो आयोग में उनकी नियुक्ति की तारीख को केंद्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार की सेवा में थे, उत्तर प्रदेश सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के रूप में उनकी नियुक्ति की तारीख से ऐसी सेवा से निवृत्त समझा जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी बताया की राज्य सूचना आयुक्त को प्रतिमाह

**जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के 2 पदों पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों के अनुसार नियुक्ति की जानी है।**

225000 वेतन दिया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ अभ्यार्थियों को इस आशय का स्वप्रमाणित घोषणा पत्र प्रारूप 2 देना अनिवार्य है, कि जो भी सूचना एवं प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर रहे हैं वह सत्य हैं तथा आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी के द्वारा 2000 का भारतीय स्टेट बैंक से जारी ड्राफ्ट संलग्न करना होगा जो प्रमुख सचिव प्रशासनिक सुधार विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पक्ष में बनाया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक के अतिरिक्त किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सुधार विभाग के द्वारा पूर्व में भी उक्त पद पर भर्तियां निकाली गई थी, परंतु उनको निरस्त कर दिया गया था, पहले आवेदन करने वाले अभ्यार्थी के द्वारा दोबारा आवेदन किया जाना है। ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पहले भी उक्त पद के लिए आवेदन किया गया था उनके द्वारा इस बार आवेदन करने के साथ कोई आवेदन शुल्क नहीं देना होगा। इच्छुक व्यक्ति आगामी 20 जुलाई, 2022 की शाम 5 बजे तक अपना आवेदन पत्र डाक के माध्यम से संयुक्त निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग दरबारी लाल शर्मा भवन उत्तर प्रदेश सचिवालय लखनऊ (विधान भवन गेट नंबर- 06 के सामने) भिजवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद किए गए आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थियों का चयन प्रमुख सचिव प्रशासनिक सुधार विभाग उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सभी प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग करने के बाद राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के तहत मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिश पर राज्यपाल द्वारा की जाएगी।

## एनसीसी कैडेट्स को वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सिखाई फायरिंग

गाजियाबाद न्यूज। मोदीनगर स्थित डीजीआर सीनियर सैकण्डरी पब्लिक स्कूल पतला एवं चौधरी चरण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज पतला में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 124 के नौवे दिन प्रातः काल में शारीरिक प्रशिक्षण एवं योग का अभ्यास कराया गया। इसके उपरांत कैंप में खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत लडकों की रस्साकसी का फाइनल मुकाबला चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज पतला एवं आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीद नगर की टीमों के मध्य हुआ जिसमें चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज की टीम विजयी रही। लड़कियों के मध्य हुई प्रतियोगिता में एमएमपीजी कॉलेज की टीम प्रथम स्थान पर रही। इसके उपरांत कैडेट्स को फायरिंग कराई गई जिसमें कैडेट्स ने फायरिंग की बारीकियों को आत्मसात किया। इस दौरान गाजियाबाद ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीलेश भनोट ने कैंप में विजिट कर कैंप लोकेशन का निरीक्षण किया तथा कैंप के दौरान की गई। व्यवस्थाओं पर संतोष



जाहिर करते हुए कैंप की व्यवस्थाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। कैडेट्स के द्वारा ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीलेश भनोट को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल हरेन्दर सिंह सिद्धू (सेना मेडल) ने सभी कैडेट्स को संबोधित करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ देकर राष्ट्रीय विकास में योगदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर ले. रजनीश जिंदल, ले. अमित शर्मा, ऑफिसर ऋतेश राय प्रीति, सुबेदार मेजर अमित राणा, सुबेदार अमरित बहादुर सिंजाली,बी एच एम जोगेश्वर , हवलदार नरेन्द्र , दीपक सैन, सतीश, फोरबा शेरपा, एन सी सी कैडेट्स अर्पित, अदिति, महिमा, देवाशीष आदि मौजूद रहे।

## भूतपूर्व सैनिकों व महिलाओं की समस्याओं को सुना, सैनिक बन्धु समिति का गठन

**गाजियाबाद न्यूज।** डीएम राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक हुई। इसमें भूतपूर्व सैनिकों उनके आश्रितों एवं वीर नारियों की समस्याओं को सुना गया। कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

इस दौरान जिला सैनिक बन्धु समिति का गठन किया गया जिसमें उपाध्यक्ष-मेजर जनरल ए0जे0बी0 जैनी, ए0वी0एस0एम0 (अ0प्रा0), गैर सरकारी सदस्य-1 कमान्डर राजेन्द्र कुमार (अ0प्रा0), 2- कोमोडोर भूपल सिंह (अ0प्रा0), 3- एम0डब्लू0ओ0 बी0पी0 गुप्ता (से0नि0), 4- हवलदार धर्मपाल सिंह (अ0प्रा0) एवं अन्जु रानी पत्नी एक्स सूबेदार बृजमोहन उगल्यान शामिल है। उल्लेखनीय है कि गत वर्षों से ₹जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक का संचालन नहीं हो पा रहा था। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के आदेश



के मुताबिक 24 मई, 2022 के क्रम में जिला सैनिक बन्धु समिति के गठन उपरान्त प्रशासन के माध्यम से बैठक का आयोजन 21 जून यानी सोमवार को किया गया।

भूत पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों एवं वीर नारियों की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक तृतीय एस0सी0 गंगवार और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने 7 वीर नारियों को स्मृति चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया गया तथा बैठक में अनेक भूतपूर्व सैनिकों/उनके आश्रितों द्वारा अपनी समस्या बतायी गयी जिनमें अन्जु रानी पत्नी स्व0 सूबेदार बृजमोहन उग्लियान के द्वारा पक्का रास्ता, कर्नल अशोक गहलौत- डोल बन्दी के सम्बन्ध में, कर्नल सुधीर- ओल्ड शहीद स्मारक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के सम्बन्ध में, पूर्व सैनिक सूबेदार ईश्वर सिंह- जेल भेजने के सम्बन्ध में, सार्जेन्ट अशोक कुमार- निष्पादित कार्यों के भुगतान के सम्बन्ध में एवं श्रीमती मुस्कान जैन- शहीद का नामकरण के सम्बन्ध में समस्याएं रखी। इनके निराकरण के लिए जिलाधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया की शीघ्र ही उनकी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करा दिया जाएगा।

बैठक का संचालन राकेश शुक्ला, कैप्टन भारतीय नौ सेना (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा किया गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

गाजियाबाद न्यूज। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र व छात्राओं को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। इसमें डीएम राकेश कुमार सिंह ने 31 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट वर्ष 2022 का परिणाम 18 जून को घोषित किया गया था। इसमें गाजियाबाद हाईस्कूल के परीक्षाफल 93.05 प्रतिशत के साथ प्रदेश में 5वीं एवं मण्डल में द्वितीय स्थान पर रहा। जबकि बारहवीं के परीक्षाफल 92.12 प्रतिशत के साथ प्रदेश में चौथा एवं मण्डल में प्रथम स्थान पर रहा। वर्ष 2022 की परीक्षा में




उत्तीर्ण जनपद गाजियाबाद के हाईस्कूल के 19 एवं इन्टरमीडिएट के 12, कुल 31 मेधावी छात्र/छात्राओं को सम्मान के लिए चिन्हित किया गया था। डीएम राकेश कुमार सिंह ने प्रतिभा सम्मान समारोह में सभी मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शिक्षक संघ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौपा ज्ञापन

ग्रेटर नोएडा। प्राथमिक शिक्षक संघ गौतमबुद्ध नगर की दादरी इकाई ने खण्ड शिक्षा अधिकारी दादरी अजहर आलम से उनके कार्यालय पर मिलकर वार्ता की व शिक्षा की समस्याओं के बारे अवगत कराते हुए ज्ञापन सौपा। शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता भूपेन्द्र नागर ने बताया कि 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर विभाग द्वारा चयन वेतनमान दिया जाता है किंतु अभी भी अनेक शिक्षकों का चयन वेतनमान नही लगा है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

ब्लॉक अध्यक्ष दादरी रवि भाटी ने कहा कि शिक्षकों के वेतन से अनावश्यक रूप से जरूरत से ज्यादा कटौती इनकम टैक्स के रूप मे की गई है जो सही नही है व अवशेष वेतन के भुगतान मे भी देरी की जा रही है। अगर शिक्षकों की समस्याओं का समय से निस्तारण नही किया गया तो शिक्षक संघ को धरना प्रदर्शन के लिए विवश होना पड़ेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संरक्षक अशोक शर्मा ने बताया कि दादरी ब्लॉक की समस्याओं के बारे मे बैसिक शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संरक्षक अशोक शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष दादरी रवि भाटी,ब्लॉक मंत्री वेदप्रकाश गौतम,वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता भूपेन्द्र नागर,ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोज नागर,रामगोपाल सिंह,जितेंद्र कुमार,अमित निमेष,सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargav at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor: Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in (RNI. No): UPBIL/2009/28691 Postal Registration No. UP/GBD80/2016- 18. Advertisement : Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at Plot No 516, Sector 12: Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.